तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 30 मार्च 2026



10 वृंदावन के कलाकारों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं...





12 गोहाना रैली में मुख्यमंत्री ने दी सौगातें







## खबर संक्षेप

### स्पोर्ट्स स्कूल राई में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**राई।** मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय, राई में कक्षा 5, 6, 8, 9 एवं 11 के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रशासन की ओर से इस बार चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विशेष कदम उठाए गए। कुलपति अशोक कुमार तथा प्रधानाचार्य रामधारी शर्मा के निर्देशानुसार पहली बार प्रश्न पत्र भिवानी बोर्ड से तैयार करवाए गए। प्रश्न पत्रों की कोडिंग भी बेहद सावधानीपूर्वक कराई गई। कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना ही नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाना भी संस्थान की प्राथमिकता है।

### गांव कुण्डल रामपुर में पंचायत का आयोजन



खरखौदा। पंचायतियों को संबोधित करते हुए विनोद राणा।

**खरखौदा।** गांव कुण्डल रामपुर में नंबरदार जीत सिंह जटौला की अध्यक्षता में पंचायत हुई । जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि खरखौदा उपमंडल किसी भी नए जिले का हिस्सा नहीं बनेगा। जटराणा खाप के आठों गांव इस मुहिम में खरखौदा संघर्ष कमेटी के साथ हैं और हर बलिदान देने के लिए तैयार हैं। जब तक मुख्यमंत्री इस बारे में स्पष्टीकरण नहीं देते तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर विकेश दहिया, कृष्ण सिसाना, प्रवेश खांडा, विनोद कुण्डल, सतीश कुण्डल, जगबीर निजामपुर खुर्द, रमेश कुमार, सुनील, राममेहर, डॉ इंद्रजीत सोहटी, राजेंद्र, विकास, कर्मवीर प्रधान फिरोज़पुर, कपिल पंच फ़िरोज़पुर आदि मौजूद रहे।

## श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर में वार्षिकोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव का दूसरा दिन

# कलाकारों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं मां यशोदा को करवाया ब्रह्माण्ड दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बड़ा हलवाई हट्टा स्थित श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर परिसर में चल रहे मंदिर के वार्षिकोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव का रविवार को दूसरा दिन रहा। कार्यक्रम में वृंदावन से आए कलाकारों ने सौरभ द्विवेदी के निर्देशन में भगवान श्रीकृष्ण लीला के दूसरे दिन उनकी बाल लीलाओं, मां यशोदा को ब्रह्माण्ड दर्शन, मां देवकी के कंस के भेजे हुए राक्षसों के भय को दूर करने के लिए अपने दशावतार लीलाओं के प्रसंग का भव्य मंचन किया गया।

कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रभु श्रीकृष्ण को देखा। सभी लीलाओं के मंचन के पश्चात माता चिंतपूर्णी मंदिर सभा, मंदिर श्रीदेवी जी त्रिलोकपुर वाली सेवा समिति, श्री ठाकुरद्वारा मंदिर, जमालपुरा के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती की। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



सोनीपत। सोनीपत के श्री ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण लीला मंचन के पश्चात आरती करते मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से श्रीकृष्ण लीला का सीधा प्रसारण यूटयूब चैनल के माध्यम से भी प्रसारित किया जा रहा है, ताकि हर घर तक प्रभु की भक्ति को पहुंचाकर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जा सके। कार्यक्रम में मंदिर के प्रधान अमित कुच्छल, कोषाध्यक्ष महेंद्र मंगला, महासचिव राजकुमार गोयल, कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र मंगला, महेंद्र वर्मा, प्रवीण गोयल, जितेंद्र कटारिया ने सभी सदस्यों के साथ अपनी सेवाएं दी।

### एकादशी का व्रत करने से पाप हो जाते हैं नष्ट : पंडित अमित

**सोनीपत।** एकादशी के अवसर पर बंदेपुर में हवन कर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री विष्णु की पूजा-अर्चना की। पंडित अमित शौनक ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं से हवन में आहुति डलवाई। उन्होंने 26 एकादशी की कथा व्रत करने वाली कांता देवी, राजवंती व अन्य श्रद्धालुओं को कथा सुनाकर उनका मार्ग प्रशस्त किया। पंडित अमित शौनक ने बताया कि एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, साथ ही अनेक यज्ञ करने का फल प्राप्त होता है। कलयुग में एकादशी का व्रत ही केवल भक्ति व मुक्ति का मार्ग दिखाने वाला होता है। कथा के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर हवन में मिलकर डाली। तत्पश्चात फल का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान जगबीर सहरावत, जयवीर सहरावत, कुलदीप सहरावत, मनोज, संदीप, दीपक, कैप्टन नारायण दहिया, सुरेंद्र मौजूद रहे।





### भगवान श्रीराम ने माता शबरी को बताया था नौ प्रकार की भक्ति का मार्ग : ओमप्रकाश अरोड़ा

**सोनीपत।** जीवन नगर स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में श्री राम परिवार द्वारा सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान, पूर्व मेयर राजीव जैन और पूर्व पार्षद लक्ष्मी नारायण विशेष रूप से शामिल हुए। संस्था प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने श्रीरामचरितमानस में वर्णित नवधा भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने माता शबरी को नौ प्रकार की भक्ति का मार्ग बताया था। उन्होंने संत संग, कथा श्रवण, गुरु सेवा, प्रभु गुणगान, मंत्र जाप, सदाचार, समदृष्टि, संतोष और सरलता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पवन सहगल, श्याम रहेजा, ललित बत्रा, चन्द्रकांत, महेश पांडेय, महेश सपड़ा, धीरज, रमाकांत, मेहर चंद, शंकर अरोड़ा और नवीन तनेजा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जैन विद्या मंदिर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत ने रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए ,उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# सफलता कभी संयोग से नहीं मिलती: दया दहिया

■ प्रताप स्कूल ने किया वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप स्कूल खरखौदा की कक्षा नर्सरी से नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित करने से पहले हवन किया गया।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, उपप्राचार्य नरेश कुमार व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व डॉ दीपिका दहिया ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्या दया दहिया ने कहा कि सफलता कभी भी संयोग से नहीं मिलती, बल्कि यह निरंतर प्रयास, दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन का परिणाम होती है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं किया है वे भविष्य में और ज्यादा मेहनत करें, अपनी गलतियों से सीखें और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें। वार्षिक परिणाम में नर्सरी कक्षा से पांचवीं तक के विभिन्न विद्यार्थियों ने स्थान हासिल किया। कक्षा छठी में मानवी दहिया ने प्रथम, निशिता ने द्वितीय, कुंजल सैनी ने तृतीय स्थान, सातवीं में ओजस शर्मा ने प्रथम, सूर्यांश ने द्वितीय, प्रियांशी ने तृतीय, आठवीं में यश ने प्रथम, चिराग व वरदान ने द्वितीय, अंश ने तृतीय , कक्षा नौवीं से छवि ने प्रथम, तनिश ने द्वितीय, मानवी कौशिक ने तृतीय कक्षा ग्यारहवीं में विज्ञान संकाय में तानी ने प्रथम, लताशा ने द्वितीय, सुमेधा व यशिका दहिया ने तृतीय , वाणिज्य संकाय में जतिन ने प्रथम, अक्षरा ने द्वितीय, भूमि ने तृतीय तथा रितिक ने चतुर्थ स्थान, मानविकी संकाय में वंशिका ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय, सागर ने तृतीय, भूमिका व छवि ने चतुर्थ स्थान अर्जित किया।



खरखौदा। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या दया दहिया।

# हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय में शिक्षक बैठक आयोजित कर नए सत्र के लिए फाउंडेशन कोर्स की भव्य लॉन्चिंग सेरिमनी आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

फाउंडेशन कोर्स का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अनीश कुमार दहिया, प्रिंसिपल सुमित राणा, जय, सिद्धी, अन्य कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों द्वारा सामूहिक रूप से रिबन काटकर किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि फाउंडेशन कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों की बेसिक शिक्षा को मजबूत करना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कम्युनिकेशन स्किल, कंप्यूटर शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देना है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की प्रतिस्पर्धा के लिए अभी से तैयार हो सकें। इसके पश्चात शिक्षक बैठक आयोजित की गई, जिसमें नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शैक्षणिक योजना, परिणाम सुधार रणनीति, अनुशासन व्यवस्था, डिजिटल लर्निंग पर विस्तार से चर्चा की गई।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

### हुकटा प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोहाना।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने गोहाना की सब्जी मंडी में आयोजित धन्यवाद व विकास रैली के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी से जुड़े 'सेवा-सुरक्षा बिल' की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं तेज गति से पूरा करवाने हेतु हस्तक्षेप करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विजय मलिक ने अपील की कि राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1400 अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों के लिए 'सेवा-सुरक्षा बिल' की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक सूचनाएं शीघ्र एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध करवाना अत्यंत आवश्यक है।

9 दिसंबर 2025 को जारी निर्देशों के बावजूद लगभग 4 माह बीत जाने पर भी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों से अपेक्षित सूचनाएं अभी तक उच्चतर शिक्षा विभाग को प्राप्त नहीं हुई हैं। इसके बाद 29 जनवरी 2026 एवं 25 मार्च 2026 को दो रिमाइंडर भी जारी किए जा चुके हैं। डॉ. सुमन रंगा ने कहा लंबित विभागों से सूचनाएं शीघ्र एवं समयबद्ध तरीके से प्राप्त कर प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों को भी सेवा-सुरक्षा सेवानिवृत्ति तक मिल सके।

### रक्तदान की सेवा से बचाएं दूसरों की जान : इंदुराज

**गोहाना।** भारत विकास परिषद की गोहाना शाखा द्वारा दादा बड़ा बीर धाम के तत्वावधान में गांव ईशापुर खेड़ी में रक्तदान शिविर एवं भंडारे का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान के बाद लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि रक्तदान करना एक बड़ी सामाजिक सेवा है। हम रक्तदान की सेवा के माध्यम से सडक़ दुर्घटनाओं में घायलों व अन्य जरूरतमंद लोगों की जान बचा सकते हैं। कार्यक्रम में सरपंच सन्नी मलिक, मास्टर संदीप, पालेराम, कवल सिंह, मोहित, नरेश, मोनू, संजीव, सचिन व मंजीत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

### मौखिक कैंसर से बचाव के लिए दांतों की सफाई रखें

**गोहाना।** मौखिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत बनवासा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दंत विशेषज्ञ डॉ. अंकिता ने आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मुख से ही कोई भी खाद्य एवं पेय पदार्थ हमारे शरीर में जाता है। ऐसे में सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए मुख का स्वस्थ होना अति आवश्यक है। मौखिक स्वास्थ्य के लिए दांतों की नियमित सफाई जरूरी है। दांतों की सफाई न होने पर मौखिक कैंसर सहित, गर्भवती महिलाओं में समय से पहले डिलीवरी होना और कम वजन का बच्चा पैदा होना होने सहित कई बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है।



गोहाना। चार्ट के माध्यम से मौखिक स्वास्थ्य का महत्व समझाते हुए डॉ. अंकिता । फोटो : हरिभूमि

### हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाल किया प्रभु गुणगान

**सोनीपत।** इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से रविवार सुबह मॉडल टाउन क्षेत्र में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाल प्रभु गुणगान किया गया। प्रभातफेरी मनोज सिंधवानी के घर से प्रारंभ होकर मॉडल टाउन के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए वापस संजय जैन के निवास पर हरिनाम संकीर्तन के साथ संपन्न हुई। एकादशी हरिनाम संकीर्तन के दौरान रघु कुमार दास, श्याम सुंदर, दीप नारायण दास ने भगवान की महिमा का बखान किया। इस्कॉन प्रचार केंद्र, कुरुक्षेत्र से एचजी सत्यापति दास ने प्रभातफेरी का नेतृत्व किया। श्रद्धालुओं ने मार्ग में विभिन्न जगह प्रभातफेरी का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान दिनेश, कृष्ण कुमार गर्ग, युग धर्मदास, भागवत तत्व दास, जयप्रकाश, बसंत रघुनंदन, आचार्य दास, मास्टर जगदीप पांचाल, जयभगवान, भारत, चंद्रेश, शिवानी, नंदेश्वरी, लक्ष्मी, सुनीता मौजूद रहे।



### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में पेंशनर्स के मुद्दों पर चर्चा

**गन्नौर ।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के अंतर्गत ब्लॉक गन्नौर की मासिक बैठक रविवार को जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य मास्टर बलबीर सिंह ने की। बैठक में ब्लॉक प्रधान सुभाष चन्द्र ने विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जो पेंशनर्स के हितों के लिए कार्य करेंगे। सुभाष चन्द्र ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश की जानकारी देते हुए बताया कि अब सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी निजी अस्पतालों में भी इलाज करवा सकते हैं, चाहे वह अस्पताल पैनल में शामिल हो या नहीं। इस फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पेंशनर्स को बड़ी राहत मिलेगी।



## स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर, सीसीएचआरओ ने किया सहयोग

# फास्ट फूड से बच्चों को रखें दूर: डॉ. मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने लगवाया शिविर

क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक स्कूल में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी डा. रितू गिल ने शिरकत की। स्कूल चैयरमेन सुमन लता ने सभी अतिथियों का तिलक व बुके देकर स्वागत किया। रितू गिल ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया।

डॉ. मोनिका द्वारा शिविर में आए हुए बच्चों एव अभिभावकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. मोनिका ने बताया कि बच्चों का स्वास्थ्य बाजार में बिकने वाले फास्ट फूड, बन्द पैकटो के खाने से बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए कि बाहर की चीजें खाने से परहेज करना चाहिए। स्टाफ नर्स तन्नू गुलिया, फार्मासिस्ट सुभाष ने साथ में सहयोग किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण कुकरेजा, सह सचिव विजय शंकर महेश्वर महेश्वरी, अधिवक्ता विशाल छिक्कारा, काजल अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचीं मुख्यातिथि डॉ. रितू गिल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहणा में हुआ प्रतिभा वंदन-अभिनंदन समारोह

देशभक्ति गीतों, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर किया



खरखौदा। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

उपमंडल के गांव रोहणा के आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभा वंदन एवं अभिनंदन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध हरियाणवी गायक रोनी रमन व विशिष्ट अतिथि पद्मश्री आचार्य सुकामा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत हवन व सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। समारोह में अतिथियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का महत्व भी समझाया और मेहनत से आगे बढ़ने का संदेश दिया। अतिथियों ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुरूप मेहनत करनी चाहिए। समारोह में पौरुष आर्य, सुमेधा आर्य सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली से जली 6 बीघा गेहूं की खड़ी फसल

**गन्नौर ।** क्षेत्र के गांव बड़ी में रविवार सुबह बिजली का तार टूटकर खेतों में गिरने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक करीब 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। मलिक ने कहा कि किसान सचिन को इस घटना से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से पीड़ति किसान को उचित मुआवजे की मांग की है।

### नकदी व मोबाइल चोरी में आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना की पुलिस ने घर से नकदी व मोबाइल चोरी करने के मामले में आरोपित गांव रभड़ा के अर्जुन, गांव माहरा के राहुल व हिमांशु उर्फ डान को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर तीनों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।
शुक्रवार को गांव नगर के अजय ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह परिवार के साथ गांव में ही शादी समारोह में गया था। उसकी बहन भी शादी में आई थी और उसका पर्स घर पर रखा था। पर्स में लगभग 2200 रुपये थे और पास में मोबाइल रखा था।

### यात्रीगण कृपया ध्यान दें... ट्रैक पर मरम्मत के चलते हो रही असुविधा

# पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन बाधित कल उधमपुर तक चलेगी मालवा

मालवा सहित चार ट्रेनों का शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन तक परिचालन किया जाएगा

दिल्ली में यमुना नदी पर पुराने लोहे के पुल के समानांतर बनाए गए पुल पर चल रहा कार्य, यात्रियों को अन्य वाहनों का लेना पड़ा सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली में यमुना नदी पर पुराने लोहे के पुल के समानांतर बनाए गए पुल पर चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य के चलते सोनीपत से गाजियाबाद आने-जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन रविवार को बाधित रहा। ऐसे में सोनीपत से दिल्ली, आनंद विहार व गाजियाबाद जाने वाले रेल यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। यात्रियों को अन्य वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा। उधर ट्रेन संख्या 12919 मालवा एक्सप्रेस का 31 मार्च को उधमपुर तक परिचालन किया जाएगा।

पंजाब व जम्मू कश्मीर में रेलवे पुलों की मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्य के चलते जम्मू मेल का परिचालन पहले ही नवंबर 2025 से प्रभावित है। सफदरगंज से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा तक चलने वाली अप-डाउन रूट की ट्रेन संख्या 20433/34 जम्मू मेल एक्सप्रेस का परिचालन अंबाला कैंट तक किया जा रहा है। जम्मू मेल का परिचालन 1 जून से दोबारा कटरा तक चलने की संभावना है। ऐसे में मालवा एक्सप्रेस व झेलम एक्सप्रेस के माध्यम से सोनीपत के यात्रियों को जम्मू कश्मीर आवागमन करना पड़ रहा है। दिल्ली रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि उत्तर रेल मंडल की ओर से कठुआ-माधोपुर, शहीद कैप्टन तुषार महाजन-चक रखवाल, पठानकोट-कंदरोरी स्टेशनों के बीच अपडाउन रूट पर निर्माण संबंधी कार्य करवाए जा रहे हैं। 31 मई को 8:45 घंटे जम्मूतवी-कटरा रेलवे लाइन पर होने वाले मरम्मत कार्य के लिए यातायात ब्लॉक लिया गया है। ऐसे में मालवा एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनों का शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) स्टेशन तक परिचालन किया जाएगा।

# सरकारी सहयोग से पैरा स्पोर्ट्स को मिल रहा बढ़ावा : प्रदेशाध्यक्ष

- हरियाणा व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का सम्मान, खिलाड़ियों की उपलब्धियों को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। टीम के सदस्यों को सम्मानित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साथ में अन्य।

हरियाणा व्हीलचेयर क्रिकेट टीम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अपने आवास पर सम्मानित किया। यह सम्मान टीम को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के जज्बे, मेहनत और उपलब्धियों की सराहना की गई।

टीम ने हाल ही में इंदौर में आयोजित एमरल्ड व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप और मोहाली में हुई यूनिटी ट्राई सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों खिताब अपने नाम किए। टीम ने दोनों प्रतियोगिताओं में सभी मुकाबले जीतकर अपनी मजबूत स्थिति साबित की। कप्तान बलराम कौशिक के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना का परिचय दिया। बड़ौली ने हरियाणा व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और टूर्नामेंट आयोजन में सहयोग की बात कही। साथ ही कॉर्पोरेट संस्थाओं से भी सीएसआर के तहत सहयोग करने की अपील की। खेल मंत्री गौरव गौतम और अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से राज्य में पैरा स्पोर्ट्स को मजबूती मिल रही है। टीम अब ग्रेटर नोएडा में होने वाली आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटी है और बेहतर प्रदर्शन के लिए आश्वस्त नजर आ रही है।

#### उत्साह और प्रदर्शन की प्रशंसा की

कार्यक्रम के दौरान मोहन लाल बडोली ने खिलाड़ियों के उत्साह और प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से दिनेश राणा की पारी का उल्लेख किया, जिन्होंने फाइनल मुकाबले में 60 गेंदों पर 97 रन बनाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में दीपक चहल, अजय राणा, हासिम अली, वेद पाल, जागीर सिंह, सचिन राणा, मोनू, रविंदर, जोगिंदर, सुरेंदर राणा, मोहित भारद्वाज सहित कई खिलाड़ी शामिल रहे।

### गन्नौर में कलेक्टर रेट बढ़े, 25 से 75 फीसदी तक बढ़ोतरी

**गन्नौर।** वर्ष 2026 के लिए जारी नई कलेक्टर रेट सूची के बाद गन्नौर क्षेत्र में जमीन की कीमतों में वृद्धि देखने को मिलेगी। संशोधित दरों के अनुसार शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में 25 से 75 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है, हालांकि कुछ कॉलोनियों में रेट यथावत रखे गए हैं। शहर के आबादी देह क्षेत्र में रिहायशी जमीन के दाम 13 हजार से बढ़ाकर 16 हजार 900 रुपये प्रति वर्ग गज कर दिए गए हैं। वहीं व्यावसायिक जमीन 18 हजार से बढ़कर 22 हजार 500 रुपये प्रति वर्ग गज तक पहुंच गई है। पांची रोड क्षेत्र में भी रेट में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जहां रिहायशी जमीन 12 हजार 400 से बढ़कर 15 हजार 500 रुपये प्रति वर्ग गज हो गई है, जबकि व्यावसायिक रेट 19 हजार से बढ़कर 24 हजार 700 रुपये प्रति वर्ग गज हो गए हैं। कई स्थानों पर रिहायशी दरों में करीब 25 प्रतिशत और व्यावसायिक दरों में 30 से 60 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है।



गोहाना। पदक विजेता खिलाडियों व कोच को सम्मानित करते हुए प्राचार्या व अन्य।

### राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियों ने जीते पदक, पुरस्कार से सम्मानित

- बाल भारती विद्यापीठ ने अपने पांचों पदक विजेता खिलाडि़यों को किया पुरस्कृत

गोहाना। मध्यप्रदेश के भोपाल में एलएनसीटी विश्वविद्यालय सम्पन्न राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में बाल भारती विद्यापीठ गोहाना की कराटे अकादमी के पांच खिलाड़ियों ने पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक हरि प्रकाश गौड़ और प्राचार्या सोनू गौड़ ने पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 22 से 24 मार्च तक यह राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मयंक ने स्वर्ण पदक, विकास ने रजत पदक पदक, हिमांशु, हर्ष व विशाल ने कास्य पदक जीतकर अपने विद्यालय व कराटे अकादमी का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों ने कराटे एसोसिएशन के जिला महासचिव व प्रदेश सह-सचिव हैं कोच अनिल भारद्वाज के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। विद्यालय द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों व कोच को सम्मानित किया गया।


सोनीपत। काउंसलिंग सत्र के दौरान विशेषज्ञ एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### अग्रसेन भवन में निःशुल्क करियर काउंसलिंग में दी जानकारी

**सोनीपत।** सोनीपत में दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति द्वारा अग्रसेन भवन में रविवार को निशुल्क करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों को 10वीं व 12वीं के बाद के करियर विकल्पों, कौशल विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी दी गई। समिति के संजय सिंगला ने बताया कि सही मार्गदर्शन से युवाओं का भविष्य संवर सकता है। काउंसलर डॉ. मोहित बंसल और सेवानिवृत्त अधिकारी एससी ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया कि इस अभियान से अब तक हजारों विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं।

# वार्षिक परीक्षाओं में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी पुरस्कृत

- कक्षा 11वीं कॉमर्स, विज्ञान और कलां संकाय में निधि, पुलकित और गुंजन अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

ग्लोबल पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र (2025 -2026) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षाओं में पहले तीन स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल अध्यक्ष उमा जाले थीं। अध्यक्षता एमडी पंकज जाले ने की और संयोजन प्राचार्या प्रीति शर्मा व उप-प्रधानाचार्य जतिन आनंद का रहा। वार्षिक परीक्षा परिणाम में तीसरी कक्षा में जीनिया ने प्रथम, प्रानज्य ने द्वितीय और कार्तिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौथी कक्षा में ध्रुविका यादव ने प्रथम, अहाना मालिक ने द्वितीय और अंश कुमार ने तृतीय, पांचवी कक्षा में युग और श्रेया ने प्रथम, रावी ने द्वितीय और समृधि ने तृतीय, कक्षा छठी में आदित्य ने प्रथम, काव्या ने दितीय और साक्षी ने तृतीय, कक्षा सातवीं में हर्षित ने प्रथम, रिया ने द्वितीय और दक्ष ने तृतीय, कक्षा छठी में आदित्य ने प्रथम, काव्या ने दितीय और साक्षी ने तृतीय, कक्षा आठवीं में इशिका ने प्रथम, कुंज ने द्वितीय और वंशिका ने तृतीय, कक्षा नौवी में वंशिका सिवाच ने प्रथम, अर्पिता ने द्वितीय और रियांश ने तृतीय, कक्षा 11वीं (कॉमर्स) में निधि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया।

# डायट प्राचार्य मंजू गर्ग की सेवानिवृत्ति पर समारोह में उनके कार्यों को सराहा

- हरियाणा स्कूल शिक्षा अधिकारी संघ की जिला इकाई ने मंजू गर्ग को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। गोहाना रोड स्थित स्कूल में आयोजित समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, डायट प्राचार्य मंजू गर्ग व अन्य।

हरियाणा स्कूल शिक्षा अधिकारी संघ की जिला इकाई की ओर से गोहाना रोड स्थित इंडियन मॉडर्न स्कूल में डायट की प्राचार्य मंजू गर्ग के सम्मान में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में मंजू गर्ग के उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, नेतृत्व क्षमता एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक रहा है। कार्यक्रम में विभाग के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन संयोजक जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों ने भाग लिया। सभी ने मंजू गर्ग के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह के दौरान श्रीभगवान दीक्षित की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण भावनात्मक एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। अंत में हरियाणा स्कूल शिक्षा अधिकारी संघ की ओर से मंजू गर्ग को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्राचार्य अनिल गोयल ने किया। इस दौरान संघ के प्रधान संजीव कुमार दहिया, सचिव अनिल गोयल, उप प्रधान वीरेंद्र दहिया, प्रेस सचिव अतुल खट्टर, कोषाध्यक्ष सुनील त्यागी, संतोष खत्री, विद्यालय के निदेशक राजेंद्र सिंह, प्राचार्य नीलम सहित सभी सदस्य व विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद रहे।

# हनुमान जयंती पर प्रभातफेरी की तैयारियों को लेकर की बैठक

- सनातनी करणी सेना ने गांव अटेरना के राम मंदिर में बैठक कर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। सोनीपत के गांव अटेरना स्थित राम मंदिर में बैठक में पहुंचे समाजसेवी दीपक चौहान व सनातनी करणी सेना के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गांव अटेरना स्थित राम मंदिर परिसर में सनातनी करणी सेना की ओर से रविवार को बैठक की गई। इस दौरान आगामी हनुमान जयंती के अवसर पर गांव में प्रभातफेरी निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रभातफेरी के माध्यम से गांव और समाज में एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता व अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया जाएगा।

बैठक में समाजसेवी दीपक चौहान अटेरना ने बताया कि समाज को जातियों में नहीं बंटना चाहिए। वर्तमान समय में विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक मुद्दों, विशेष रूप से यूजीसी से जुड़े विषयों को लेकर समाज में अलग-अलग विचार बन रहे हैं। लोग एक-दूसरे को विरोधी की तरह देखने लगे हैं, जो समाज के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर समाज व देशहित में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण की ओर ध्यान दें। नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहें। प्रभातफेरी के माध्यम से युवाओं, समाज के लोगों को यही संदेश दिया जाएगा कि समाज की ताकत उसकी एकता में है। बैठक में उपस्थित युवाओं ने समाज के लोगों के साथ हनुमान जयंती के अवसर पर प्रभातफेरी में शामिल होकर एकता, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान सुनील, मोहित सूद, निकिल सैन, आनंद, कृष्ण, रोबिन, नरेश, अक्षय गौड़, राहुल पंडित, नीरज, नितिन, सागर सहित काफी युवा मौजूद रहे।


सोनीपत। सोनीपत के नरेंद्र नगर में श्रीराम चरितमानस की महिमा का वर्णन करते स्वामी दयानंद सरस्वती यति महाराज। फोटो : हरिभूमि

### भगवान के प्रति प्रेम व भक्ति का महत्व बताया

**सोनीपत।** नरेंद्र नगर की गली नंबर 4 स्थित आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा के निवास पर श्री रामचरितमास के अखंड पाठ के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुरथल स्थित श्रीराम कृष्ण साधना केंद्र के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती यति महाराज ने श्रीराम चरितमानस की महिमा का वर्णन करते हुए समाज में हिंदुत्व का महत्व बताया। केंद्र की संस्कृत पाठशाला के आचार्य देवानंद व उनके छात्रों ने रामचरितमास का पाठ सुनाया। स्वामी दयानंद सरस्वती यति महाराज ने कहा कि अगर मनुष्य का भगवान के प्रति प्रेम व भक्ति शुद्ध होते हैं, तो ईश्वर स्वयं उसकी सहायता के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि आज लोग घर में सीता जैसी पत्नी तो चाहते हैं, लेकिन खुद श्रीराम की तरह नहीं बनना चाहते। कार्यक्रम के पश्चात भगवान की आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। विहिप के जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, श्याम मिश्रा, रामराज तिवारी, पीयूष शुक्ला मौजूद रहे।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में गर्वित दहिया रहे प्रथम

**खरखौदा।** सकसरो सोसाइटी- एक प्रयास समानता का, ने एकादशी के अवसर पर सिलाना के वैष्णो देवी मंदिर पर भंडारे के आयोजन के साथ-साथ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका का विषय था, आओ करें शिक्षा प्रसार - न रहे कोई अनपढ़ गवार। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मंदिर के महंत अशोक कुमार द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया। नौवीं कक्षा के गर्वित दहिया ने प्रथम, कक्षा सातवीं की कुमारी पूर्वी ने द्वितीय तथा आठवीं की सक्षम व इशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए। महंत अशोक कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य भक्ति मार्ग पर चलते हुए लोगों में शिक्षा के प्रसार की अलख जगाना है।


सोनीपत। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नरसिंह परमार दोबारा बने अध्यक्ष

**सोनीपत।** रोहतक स्थित जाट भवन में रविवार को पॉलिटेक्निक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस चुनाव में पूरे प्रदेश के करीब 27 पॉलिटेक्निक संस्थानों से आए सदस्यों ने भाग लिया। चुनाव परिणामों में सोनीपत को विशेष महत्व मिला, जहां से जुड़े शिक्षकों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सर्वसम्मति से सोनीपत के राजकीय पॉलिटेक्निक के विभागाध्यक्ष नरसिंह परमार को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भी सोनीपत के ही सरताज सिंह फौगाट का चयन हुआ। महासचिव के रूप में भिवानी के विपिन कुमार, संयुक्त सचिव के रूप में सिरसा के अमन और कोषाध्यक्ष के रूप में रोहतक के अमित गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई। चुनाव प्रक्रिया छोटू राम पॉलिटेक्निक के डॉ. सुखबीर सिंह किन्ना के नेतृत्व में संपन्न हुई। नरसिंह परमार ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि वे शिक्षकों के हितों की रक्षा और विभाग के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री ने युवाओं को दिया जीवन में आगे बढ़ने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात देखते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साथ में मंत्री।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत स्थित अपने कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर मंत्रीकृष्ण लाल पंवार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के समग्र विकास, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और युवाओं की सक्रिय भागीदारी, फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार सांझा किए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करता है। समाज के हर वर्ग को जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विचार सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता कांग्रेस नेताओं के मंसूबों को अच्छी तरह जानती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्पष्ट कर चुके हैं कि देश में एलपीजी गैस सिलेंडर पेट्रोल की कोई कमी नहीं है।


सोनीपत। कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम देखते हुए राजीव जैन।

### जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से विश्वास व्यक्त किया है कि पहले भी 140 करोड़ देशवासियों के धैर्य एवं सामर्थ्य से करोना जैसे वैश्विक महासंकट से निकलने का काम किया और अब युद्ध के कारण उत्पन्न हालातों से भी पार पा जायेंगे। अपने कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुनने के बाद निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देशवासियों से अपील की कि युद्ध के मुद्दे पर राजनीति ना हो, जागरूक रहें और बहकावे में ना आयें। उन्होंने कहा कि ज्ञान भारत ऐप देश के प्राचीन ग्रंथ एवं पांडुलिपियों को सहेजने का काम कर रही है तथा माई भारत संगठन युवाओं की सकारात्मक सोच को देश के सामने ला रहा है जिसमें ग्रीन एवं क्लीन भारत ही समृद्ध भारत का रास्ता है।

## खबर संक्षेप



### संविधान के प्रति जागरूक करने पर कुराड़ सम्मानित

**गन्नौर ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रोहतक के आईटीआई ग्राउंड में आयोजित संविधान यात्रा के दौरान गन्नौर के कुराड गांव के रामदास कुराड़ को संविधान जागरूकता में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया निवासी दीप चंडालिया द्वारा चलाई जा रही 'घर-घर संविधान' मुहिम के तहत हुआ। संविधान यात्रा का आयोजन रोहतक के रॉकी मायना ने किया। कार्यक्रम में अशोक चौहान, संजय शाहपुर तगा, रवि बिड़ला आदि ने रामदास कुराड द्वारा किए कार्य की सराहना की।

### सोशल मीडिया पर हथियारों की फोटो डालने पर गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने की घटना मे संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव लाठ निवासी वरुण उर्फ गोनी पुत्र बिजेन्द्र है। 3 अप्रैल 2025 को थाना सदर गोहाना में एक जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। रिपोर्ट में संबंधित शाखा द्वारा जांच में पाया कि इंस्टाग्राम आईडी पर हथियारों के प्रदर्शन बारे पोस्ट अपलोड की हुई है। जांच के बाद इस घटना पर शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत थाना सदर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया था। कोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना में धन्यवाद एवं विकास रैली में दी बड़ी सौगातें

# खानपुर कलां बनेगी तहसील, बरोदा व फरमाना को मिलेगा सब-तहसील का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गोहाना विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की। वे गोहाना की नई सब्जी मंडी में आयोजित गोहाना हलके की धन्यवाद एवं विकास रैली में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित करने पहुंचे थे। रैली की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने की।

- स्पोर्ट्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए परियोजनाओं की घोषणा

मुख्यमंत्री ने शहर में ड्रेन नंबर-8 पर भगवान परशुराम विरासत पार्क के साथ जॉगिंग ट्रैक तथा जमीन मुहैया करवाने पर पीपीपी मोड पर कमर्शियल के साथ एक मल्टी-स्टोरी पार्किंग भी बनाने की घोषणा के साथ भगत फूल सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां में पीपीपी मोड पर एक कॉर्डियो कैथ लैब बनाने का ऐलान किया।

उन्होंने यह भी कहा कि बिल्डिंग बनने के बाद एकेडमिक सेशन 2027-28 से इस संस्थान में फिजियोथेरेपी कॉलेज की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। वहीं भूमि उपलब्धता के आधार पर सोनीपत रोड पर शिवधाम बनाने, महम रोड पर बिजली का नया 33 केवी सबस्टेशन बनाने और खानपुर कलां में 33 केवी सबस्टेशन को अपग्रेड करना शामिल है। उन्होंने जनगणना, परिसीमन और एसआईआर का कार्य पूरा होने के बाद खानपुर कलां सब-तहसील को तहसील में अपग्रेड करने, बरोदा और फरमाना को सब-तहसील बनाने की घोषणाएं की।




गोहाना। लोगों का आभार जताते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य नेता।

### गढ़ी उजाले खां कृष्ण नगर और गढ़ी नामदारखां गांव अब सुंदर नगर के नाम से जाना जाएगा

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर गांव गढ़ी उजाले खां का नाम बदलकर कृष्ण नगर और गांव गढ़ी नामदारखां का नाम सुंदर नगर रखने की भी घोषणा की। पर्यटन और शहरी विकास को बढ़ावा की दिशा में नायब सिंह सैनी ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा दो एकड़ जमीन उपलब्ध कराए जाने पर गोहाना में एक टूरिज्म रिसॉर्ट बनाया जाएगा। एचएसवीपी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा गोहाना में बनाए जाने वाले सेक्टरों में सामाजिक संस्थाओं के लिए प्लॉट निर्धारित किए जाएंगे। जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे के साथ गांव रुखी से आहुलाना तक सर्विस लेन बनाने के लिए नेशनल हाईवे से अनुमति ली जाएगी।

### सिंचाई भवन व जल शक्ति भवन का नवीनीकरण होगा

गोहाना में सिंचाई भवन, जल शक्ति भवन और रेस्ट हाउस का नवीनीकरण किया जाएगा। गांव बड़ौता बस्ती क्षेत्र से गुजरने वाली ड्रेन नंबर-4 को पक्का किया जाएगा और गोहाना माइनर को फिर से बनाया जाएगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग नालों पर पुलों के नवीनीकरण और निर्माण की भी घोषणा की। गढ़ी सराय नामदारखां को सीनियर सेकेंडरी स्तर पर अपग्रेड करने को कमेटी बनाई जाएगी।

### स्कूलों में एक करोड़ रुपये से विकास कार्य करवाए जाएंगे

गोहाना विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में 1 करोड़ रुपये की राशि से विकास कार्य करवाए जाएंगे। पेयजल सरंचना को मजबूत करने के लिए महिपुर-कवरेड़ी गांवों में 8 करोड़ रुपए की लागत से नहर आधारित पेयजल कार्यों, खानपुर कलां में 5.5 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल सप्लाई और सीवर पाइपलाइन बिछाने, सरगथल, बड़ौता, किलोहड़द और दोदवा रतनगढ़ गांवों में भी 12.50 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल लाइन बिछाने, खेड़ी दमकन में पाइपलाइन के साथ दो गहरे ट्यूबवेल लगाए व हसनयारपुर, तिहाड़ कलां और बड़वासनी गांवों में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने की भी घोषणाएं की गई।

### नई अनाज मंडी की मरम्मत होगी

उन्होंने गोहाना की नई अनाज मंडी में कवर्ड शेड और प्लेटफॉर्म निर्माण और मार्केटिंग बोर्ड की सडक़ों की 5 करोड़ रुपये की लागत से मरम्मत और नवीनीकरण किया जाएगा। गोहाना के वैकल्पिक पश्चिमी बाइपास के लिए ई-भूमि पोर्टल पर किसानों की सहमति से 50 प्रतिशत जमीन पहले ही मिल चुकी है और बाकी जमीन मिलते ही काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस प्रोजेक्ट के लिए बाकी जमीन देने की भी अपील की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए गोहाना-बरोदा रोड पर अंडर ब्रिज और गोहाना-महम रोड पर ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेल मंत्रालय से अनुमति ली जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की सात सडक़ों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए 6.90 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा, 101 किलोमीटर लंबी 34 सडक़ों की मरम्मत की जाएगी। खेत-खलिहान योजना के तहत, 25 किलोमीटर लम्बे कच्चे ग्रामीण रास्तों को पक्का किया जाएगा।

### गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित होगा गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम कर रही है। गोहाना को गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। कुछ ऐसे काम होते हैं जिनको पूरा करने में कम और कुछ कामों में अधिक समय लगता है। ऐसे में लोगों को यह बिल्कुल भी चिंता करने की जरूरत नहीं है कि विकासकार्यों में कोई कमी रह जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य तेजी से हो रहे है।

### पांच करोड़ से गांवों में होंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री ने गोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांवों में अलग-अलग विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। गोहाना नगर परिषद की म्युनिसिपल लिमिट बढ़ाने की मांग पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व उनकी रीटा शर्मा, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, राई से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान, गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान, नगर निगम सोनीपत के पूर्व मेयर राजीव जैन, पूर्व सांसद राम चंद्र जांगड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, पूर्व जिला महामंत्री परमवीर सैनी, भाजपा नेता अरुण बड़ौक, जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, गोहाना नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, इंद्रजीत विरमानी, भाजपा वरिष्ठ देवेंद्र कौशिक, नेता प्रदीप सांगवान, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, बलजीत मलिक, डॉ. राममेहर राठी व योगेश बैरागी सहित अन्य मौजूद रहे।

#### परियोजनाओं का उद्घाटन

- 377.44 लाख की लागत से राजकीय उच्च विद्यालय, मोई माजरी के विद्यालय भवन का निर्माण
- 6.75 करोड़ की लागत से बने 33 केवी सब स्टेशन (गांव बरवासनी)
- 6.70 करोड़ की लागत से बने 33 केवी सब स्टेशन (गांव तिहार मलिक)
- 60 लाख की लागत से बने संत गुरु कबीर दास गेट
- 93.26 लाख की लागत से बने सब हेल्थ सेंटर (बुसाना)
- 94.53 लाख की लागत से बने सब हेल्थ सेंटर (चिड़ाना)
- 81.55 लाख की लागत से बने सब हेल्थ सेंटर (सिरसाध)।

#### इनका शिलान्यास

- 2.80 करोड़ की लागत से लिंक डोड की विशेष मरम्मत
- 36.56 करोड़ की लागत से भालौत सब ब्रांच रीमॉडलिंग
- 7.10 करोड़ की लागत से 33 केवी सब स्टेशन (गांव गामड़ी)
- 7.10 करोड़ की लागत से 33 केवी सब स्टेशन (गांव बिढाल)
- 55.5 लाख की लागत से एसएचसी खेड़ी दमकान
- 55.5 लाख की लागत से एसएचसीबरवासनी
- 55.5 लाख की लागत से एसएचसी मेहलाना
- 50 लाख की लागत से पीएचसी जुआन में कार्य होगा।

**ये की घोषणाएं :** गोहाना में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा सोनीपत चुंगी से पानीपत चुंगी के बीच ड्रेन नंबर 8 को कवर करते हुए भगवान परशुराम विरासत पार्क व जॉगिंग ट्रैक बनाया जाएगा, भूमि उपलब्ध करवाए जाने पर पीपीपी मोड पर मल्टी स्टोरी पार्किंग व वाणिज्य परिसर स्थापित किया जाएगा, गोहाना की म्युनिसिपल लिमिट परिसीमन के बाद बढ़ाई जाएगी, सोनीपत रोड क्षेत्र में भूमि उपलब्धता के आधार पर शिव धाम का निर्माण किया जाएगा, पावर हाउस, महम रोड गोहाना में नया 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा, खानपुर कलां में 33 केवी सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके साथ अन्य कई घोषणाएं की गई।


## दूसरों के साथ अपनी तुलना नहीं, अपितु तैयारी करें : उधम

**गोहाना।** हर मनुष्य का हुनर अलग होता है। ऐसे में किसी दूसरे के साथ अपनी तुलना न करें अपितु अपने हुनर को पहचान कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें।



विद्यार्थियों को प्रेरणा गांव कटवाल स्थित सरस्वती विद्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य उधम सिंह वशिष्ठ ने दी। वे विद्यालय में विद्यार्थियों को जीवन उपयोगी जरूरी टिप्स दे रहे थे। प्राचार्य उधम सिंह वशिष्ठ ने कहा कि दूसरों के साथ अपनी तुलना करना लक्ष्य प्राप्ति में एक बड़ी बाधा है। युवा दूसरों के साथ अपनी तुलना करने की बजाए उनके अच्छे गुणों का अनुसरण करके जीवन में आगे बढने की प्रेरणा लें। हर मनुष्य का हुनर अलग होता है। ऐसे में युवा खुद को पहचानें और अपने हुनर को तराशें। जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी खुद की पहचान से शुरू होती है। युवा अपनी काबिलियत को पहचानें और कौशल विकास पर ध्यान दें। प्राचार्य ने कहा कि जीवन में कभी हार न मानें और अपनी गलतियों में सुधार करते हुए बिना थके आगे बढ़ें। जिस युवा ने मेहनत करना सीख लिया वह एक दिन दुनिया में अपनी काबिलियत का जलवा अवश्य दिखा देता है।

## गन्नौर के वार्ड एक में 13 लाख से दो गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ



गन्नौर। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी पार्षदों के साथ गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

**गन्नौर ।** गांधी नगर के वार्ड नंबर 1 में रविवार को विकास कार्यों को गति देते हुए नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो गलियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि गांधी नगर वार्ड नंबर 1 में लंबे समय से गलियों के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इससे आवागमन में सुविधा मिलेगी । पार्षद सचिन कोच ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इससे शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी।

### लोगों को मिलेगी राहत

उनके वार्ड के लोग लंबे समय से इन गलियों के निर्माण की प्रतीक्षा कर रही थी। अब कार्य शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वार्ड में विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी खुशी जताते हुए कहा कि गलियों के निर्माण से उनकी दैनिक समस्याएं दूर होंगी। विशेषकर बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से राहत मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर पार्षद सचिन कोच, पार्षद हरविंदर त्यागी, पार्षद विकास शर्मा, पार्षद अंकित त्यागी, पार्षद शमशेर सैनी, पार्षद नरेश वर्मा तथा पार्षद गौरव जैन मौजूद रहे।

## चिरस्मी में 25 लाख रुपये से बनेगी आधुनिक लाइब्रेरी

- विधायक ने गांव में 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

**गन्नौर ।** गांव चिरस्मी में अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए गांव में आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण करीब 25.41 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। रविवार को गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर इस परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान गांव में दो अन्य विकास कार्यों की भी शुरुआत की। सुरेश से करनैल तक 14.84 लाख रुपए और अमरजीत से उमेद के खेत तक जाने वाले रास्ते को भी करीब 9.97 लाख रुपए की लागत से पक्का किया जाएगा। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच और ग्रामीणों ने विधायक कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर



जोरदार स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि खेतों के रास्ता पक्का होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने दावा किया कि सरकार के सहयोग से हर गांव तक विकास पहुंचाना लक्ष्य है और इसी दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायतीराज एसडीओ सचिन कुमार, एबीपीओ राजेश कुमार, सरपंच जसबीर, धर्मबीर नंबरदार, लहणा, प्रेम, मंजीत, सुनील, प्रवीन, मनोज, नवीन, महेंद्र छिक्कारा, उमेद छिक्कारा, पालेराम, सतीश आदि मौजूद रहे।

## हवन-पूजन के साथ स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**राई।** नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ के पूर्व विधिवत शाला स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में प्रवेश एवं हवन-पूजन किया गया। कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने हिस्सा लिया। हवन-पूजन एवं मां सरस्वती की आराधना के पश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य एसपी सिंह ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट एवं नए सत्र की सम्भावित योजनाओं से परिचित कराया। सिंह ने कहा कि- अध्यापक और अभिभावक दोनों एक बच्चे के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। सिंह ने पाठ्यक्रम, स्पोर्ट्स प्रोग्राम, रिमिडियल क्लासेज, सिंक्रो क्लासेज और होमवर्क प्रोग्राम पर विस्तार से चर्चा किया।

## यूनीक पब्लिक स्कूल का परिणाम घोषित



**गन्नौर।** पुगथला स्थित यूनीक पब्लिक स्कूल का पहली कक्षा से आठवीं तक तथा नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। स्कूल के प्राचार्य सुनील कौशिक ने बताया कि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का यह संयुक्त परिणाम है। स्कूल के प्रबंधक अनिल भुक्कर ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन के कारण ही लगातार उत्कृष्ट परिणाम सामने आ रहे हैं उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5X8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## नगर निगम में भ्रष्टाचार और बदहाली भाजपा की देन, जनता अब सिखाएगी सबक : दिवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम चुनाव को लेकर शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क अभियान आयोजित की। जिमसें भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित जनसभाओं में कमल दिवान ने कहा कि भाजपा ने सोनीपत को विकास के नाम पर केवल धोखा दिया है और आज शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, गलियां टूटी पड़ी हैं और जल निकासी की कोई ठोस योजना नहीं है। भाजपा केवल जुमलों की सरकार है। इन्होंने जनता की गाढ़ी कमाई को विज्ञापनों में उड़ाया है, जबकि धरातल पर सोनीपत की हालत बदतर होती जा रही है। इस बार निगम चुनाव में जनता वोट की चोट से इस अहंकारी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।कमल दिवान ने एक ही दिन में आधा दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों पर जनसभाएं की, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

- विकास के नाम पर धोखा दे रही सरकार

### कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष ने आधे दर्जन से अधिक जनसभाओं में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की



### दिवान ने लोगों से स्थानीय मुद्दों पर की चर्चा

वार्ड नंबर 18 में सूर्या पेट्रोल पंप वाली गली स्थित सर्वजाती धर्मशाला में राकेश नरवाल के नेतृत्व में आयोजित सभा में स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई। वार्ड नंबर 6 में आरके कालोनी (मुरथल) में रवि कश्यप के नेतृत्व में जनसभा हुई। वार्ड नंबर 20 के अशोक विहार गली नंबर 1 में देवेंद्र महिला के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। वार्ड नंबर 18 (रायल गार्डन) के दहिया कालोनी गली नंबर 3 में संजय टाक के नेतृत्व में लोग जुटे। वार्ड नंबर 22 के शास्त्री कालोनी (100 फुटा रोड) में नवीन कुमार और ईदगाह मस्जिद ग्राउंड में दिलशाद पठान के नेतृत्व में सफल जनसभाएं संपन्न हुई। इस अभियान के दौरान ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कार्यक्रम में जयवीर आंतिल, कोषाध्यक्ष नीटू दहिया, महासचिव राजेश सेवली, सचिव अंकित मेहता, अशोक शर्मा, जय भगवान अंतिल, जयवीर राठी आदि मौजूद रहे।

## नॉर्थ जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा




सोनीपत। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दिव्यांग क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस नॉर्थ ज़ोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने शिरकत की। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने सिक्का उछालकर मैच का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के भीतर छिपी खेल प्रतिभा को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर देश का नाम रोशन कर सकें। दिव्यांग खिलाड़ियों का यह जोश और जुनून सिद्ध करता है कि प्रतिभा किसी शारीरिक अक्षमता की मोहताज नहीं होती। मैदान पर इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन न केवल सराहनीय है, बल्कि हम सभी के लिए प्रेरणादायक भी है। खेल हमें चुनौतियों से लड़ना और विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहना सिखाते हैं। मेरी हमेशा यह कोशिश रहेगी कि सोनीपत में ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा मिले ताकि हमारे इन प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और मंच मिल सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में महासचिव राजेश सेवली, सचिव अंकित मेहता और पूर्व प्रधान लीलू ककरोई विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता व उप-विजेता टीम के खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।